# आकाशवाणी पोर्ट ब्लेयर

दिनांक : 31.08.2024 समय : 1905

<><><><><><><>

- भारत के यूनीफाइड पेमेंट्स इंटरफेस, यू.पी.आई. के जरिये इस साल अप्रैल से जुलाई में दुनिया के प्रमुख डिजिटल भुगतान प्लेटफार्मों से अधिक लगभग इक्यासी लाख करोड़ रुपये का लेन–देन हुआ।
- भारत सरकार के सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय अन्य पिछड़ वर्ग के छात्रों के लिए निः शुल्क कोचिंग प्रदान करेगा।
- मध्योत्तर अण्डमान जिला पुलिस नशीले पदार्थों से संबंधित अपराधों की रोकथाम और अपराधियों की धरपकड़ के लिए पूरी तरह सतर्क है।
- ओग्राब्रांच पुलिस थाने की ओर से सामुदायिक सुरक्षा पर आज जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।
- बिल्लीग्राउंड के हरिनगर में आज राजस्व शिविर कोर्ट का आयोजन हुआ।

<><><><><><><>

विश्व के प्रमुख डिजिटल भुगतान प्लेटफॉर्म्स को पीछे छोडते हुए भारत के यूनीफाइड पेमेंट्स इंटरफेस यूपीआई ने इस वर्ष अप्रैल से जुलाई के बीच लगभग इक्यासी लाख करोड रुपए का लेन–देन किया। पिछले वर्ष के मुकाबले इसमें तैंतीस प्रतिशत की बढोतरी हुई है। ग्लोबल पेमेंट हब पेसेक्योर के ताजा आंकड़ों के अनुसार यूपीआई के माध्यम से प्रति सेकेंड लगभग सैंतीस सौ से ज्यादा लेन–देन किए गए, जो दो हजार बाईस में प्रति सेकेंड दर्ज किए गए तेईस सौ अड़तालीस

लेन–देन से अट्ठावन प्रतिशत अधिक है। इस तरह लेन–देन की संख्या के मामले में यूपीआई ने चीन के अली–पे, पे–पाल और ब्राजील के पीआईएक्स को पीछे छोड दिया। जुलाई में यूपीआई लेन–देन बीस लाख साठ हजार करोड रुपये को पार कर गया। यह किसी एक महीने में किया जाने वाला सबसे अधिक लेन–देन था।

<><><><><><><>

भारत सरकार के सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय अन्य पिछड़ वर्ग के छात्रों के लिए निःशुल्क कोचिंग प्रदान करेगा। यह कोचिंग केन्द्रीय क्षेत्र योजना के तहत दिया जाएगा। इस योजना का उद्देश्य आर्थिक रूप से पिछड़े अनुसूचित जाति और अन्य पिछड़ा वर्ग के उम्मीदवारों को गुणवत्ता कोचिंग प्रदान करना है, ताकि वे सार्वजानिक और निजी क्षेत्र में उचित नौकरी पा सके। साथ ही तकनीकी और व्यवसायिक शिक्षा संस्थानों में प्रवेश पाने के लिए प्रतियोगी परीक्षाओं में शामिल हो सके। इस योजना से संबंधित अधिक जानकारी समाज कल्याण विभाग की वेबसाइट पर अपलोक कर दी गई है।

<><><><><><><>

मध्योत्तर अण्डमान जिला पुलिस नशीले पदार्थों से संबंधित अपराधों की रोकथाम और अपराधियों की धरपकड़ के लिए पूरी तरह सतर्क है। पुलिस अधीक्षक गीतांजलि खण्डेलवाल ने हमारे डिगलीपुर संवाददाता डी. जे. वेंकटेश के साथ बातचीत में कहा कि पिछले कुछ समय से इस दिशा में प्रयासों को और मजबूत किया गया है, जिसके फलस्वरूप पिछले एक महीने में पुलिस ने एन डी पी एस एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए अपराधियों की गिरफ्तारी की है। पुलिस अधीक्षक ने जनता से

सतर्क रहने और संदिग्ध गतिविधियों की जानकारी पुलिस के साथ साझा करने का अनुरोध किया है।

<><><><><><>

ओग्राब्रांच पुलिस थाने की ओर से सामुदायिक सुरक्षा पर आज जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। थाने ने नए आपराधिक कानूनों, नशीली दवाओं के दुरूपयोग के दुष्प्रभावों, साइबर अपराध, पॉक्सों अधिनियम–दो हजार बारह और यातायात उल्लंघनों के बारे में लोगों को जागरूक करने के लिए विशेष सत्र का आयोजन किया। यह कार्यक्रम टुसनाबाद के सामुदायिक हॉल में आयोजित हुआ। कार्यक्रम में पुलिस अधिकारी और टुसनाबाद ग्राम पंचायत के प्रधान शामिल हुए। लोगों को नशीली दवाओं के दुरूपयोग के प्रभाव के बारे में भी जानकारी दी गई। कार्यक्रम में पुलिस मनोरंजन टीम द्वारा नशीली दवाओं के दुष्प्रभावों पर आधारित नाटक का प्रदर्शन भी किया गया। इस सत्र के दौरान साठ से अधिक छात्रों और आम जनता को जागरूक किया गया। जागरूकता सत्र दक्षिण अण्डमान पुलिस अधीक्षक निहारिका भट्ट की देख–रेख में आयोजित हुआ।

<><><><><><>

अण्डमान निकोबार कमान की त्वरित कार्रवाई से एम. वी. ई एफ ई एस के चालक दल को जहाज़ पर आग लगने की स्थिति में बचाया गया। उन्नीस अगस्त को पोर्ट ब्लेयर में भारतीय तटरक्षक समुद्री बचाव समन्वय केन्द्र को एम. वी. ई एफ ई एस के मशीनरी डिब्बे में आग लगने की सूचना दी गई। इस पर तुरन्त कार्रवाई करते हुए निकटतम जहाज एम. वी. जगरानी को सहायता के लिए भेजा गया। कमान के

भारतीय तटरक्षक पोत विजीत को पोर्ट ब्लेयर से जहाज़ के स्थान पर रवाना किया गया। दल ने स्थिति का आकंलन कर जहाज़ को तकनीकी सहायता प्रदान की।

<><><><><><><>

बिल्लीग्राउंड के हरिनगर में आज राजस्व शिविर कोर्ट का आयोजन किया गया। जन–शिकायतों के समाधान तथा भूमि संबंधित मामलों के त्वरित समाधान के लिए मध्योत्तर अण्डमान जिला उपायुक्त दिलखुश मीणा के नेतृत्व में यह शिविर आयोजित हुआ। यह शिविर मायाबंदर के तहसीलदार की अध्यक्षता में चलाई गई। इस दौरान स्थानीय निवासियों की शिकायतों का समाधान किया गया। शिविर में आठ मामलों का मौके पर ही निपटारा किया गया।

<><><><><><><>

डिगलीपुर के कृषि विभाग की ओर से हाल ही में लखपति दीदी कार्यक्रम के तहत किशोरी नगर पंचायत में स्वयं सहायता समूह के सदस्यों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम क्षेत्र के जैविक खेती करने वाले कृषक गौरंगा रॉय के खेत में आयोजित हुआ। यह कार्यक्रम स्वयं सहायता समूह के सदस्यों को कौशल विकास के लिए प्रोत्साहित करता है, जिससे वे अधिक आय अर्जित कर सके। कार्यक्रम में डिगलीपुर की सहायक कृषि निदेशक आरती सिंह मुख्य अतिथि थीं। मुख्य अतिथि ने कार्यक्रम के उद्देश्य के बारे में जानकारी दी। इस दौरान क्षेत्र के उप–प्रधान अजीत बैरागी और पंचायती राज संस्थाओं के सदस्य भी उपस्थित थे। इस योजना के तहत प्रत्येक स्वयं सहायता समूह के सदस्यों को विभिन्न व्यवहारिक प्रशिक्षणों के माध्यम से जागरूक किया जाता है, ताकि वे कम से कम चार कृषि मौसमों या विभिन्न व्यवहारिक प्रशिक्षणों के माध्यम से दस हजार

रूपए या उससे अधिक की औसत मासिक आय के साथ स्थाई आजीविका अपनाकर एक लाख रूपए से अधिक की वार्षिक आय प्राप्त कर सकें। कार्यक्रम में छह स्वयं सहायता समूहों के करीब पैंतीस सदस्यों ने भाग लिया।

<><><><><><><>

द्वीपसमूह के अधिकांश भागों में वर्षा हुई। पोर्ट ब्लेयर में आज सुबह साढ़े आठ बजे तक तैंतीस दशमलव चार मिलीमीटर, हटबे में बत्तीस दशमलव चार, मायाबंदर में दस, लांग आइलैण्ड में नौ दशमलव तीन और वायु सेना केन्द्र कार–निकोबार में शून्य दशमलव आठ मिलीमीटर वर्षा रिकॉर्ड की गई।

<><><><><><><>